भारत सरकार

भारी उद्योग मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2332**

**दिनांक 07.08.2026 को उत्तर के लिए नियत**

**महाराष्ट्र में इलेक्ट्रॉनिक वाहन चार्जिंग अवसंरचना और 'फेम' योजना**

**2332 श्री मिलिंद मुरली देवरा:**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महाराष्ट्र में फेम इंडिया योजना के चरण-I एवं चरण-II के अंतर्गत वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक स्वीकृत, संस्थापित तथा परिचालित सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशनों का जिला-वार, शहर-वार तथा वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) राज्य में ईवी चार्जिंग अवसंरचना हेतु स्वीकृत, जारी तथा उपयोग की गई केंद्रीय निधियों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) फेम चरण-II के अंतर्गत महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी), पुणे महानगर परिवहन महामंडल लिमिटेड (पीएमपीएमएल), बेस्ट (बीईएसटी) तथा महाराष्ट्र की अन्य एजेंसियों को स्वीकृत तथा प्रदत्त इलेक्ट्रिक बसों की संख्या कितनी-कितनी है;

(घ) क्या फेम से वित्तपोषित कोई चार्जिंग स्टेशन अपरिचालित, निम्नस्तरीय हैं अथवा उनमें अंतर-संचालनीयता का अभाव है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) मुंबई-पुणे से आगे बढ़कर नासिक, औरंगाबाद, नागपुर, सोलापुर और कोल्हापुर सहित द्वितीय तथा ततीय श्रेणी के शहरों में संतुलित ईवी चार्जिंग अवसंरचना रचना विस्तार सुनिश्चित करने हेतु क्या उपाय किए गए हैं?

**उत्तर**

**भारी उद्योग राज्य मंत्री**

**(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)**

**(क) और (ख):** भारी उद्योग मंत्रालय (एमएचआई) की फेम-II स्कीम का कार्यान्वयन दिनांक 01.04.2019 से 31.03.2024 तक किया गया। फेम-II स्कीम के अंतर्गत ईवी चार्जिंग स्टेशनों के लिए कोई राज्य-वार, जिला-वार अथवा शहर-वार आवंटन या स्वीकृति प्रदान नहीं की गई थी। फेम-II स्कीम के अंतर्गत, भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा महाराष्ट्र सहित देशभर में इलेक्ट्रिक वाहन सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों (ईवीपीसीएस) की स्थापना हेतु 898.37 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता संवितरित की गई।

दिनांक 01.07.2026 की स्थिति के अनुसार, फेम-II स्कीम के अंतर्गत महाराष्ट्र में स्थापित तथा प्रचालनरत (ऊर्जीकृत) ईवीपीसीएस की संख्या निम्नानुसार है:

**तालिका 1**

| राज्य | स्थापित ईवीपीसीएस | प्रचालनरत ईवीपीसीएस |
|---|---|---|
| महाराष्ट्र | 802 | 737 |

03 तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, फेम-II स्कीम के अंतर्गत महाराष्ट्र में तीनों ओएमसी द्वारा स्थापित एवं प्रचालनरत ईवीपीसीएस का विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है।

**(ग):** फेम-II स्कीम के अंतर्गत महाराष्ट्र में निम्नलिखित विवरण के अनुसार 830 इलेक्ट्रिक बसें स्वीकृत एवं तैनात की गई थीं:

**तालिका 2**

| क्र. सं. | राज्य परिवहन उपक्रम का नाम | महाराष्ट्र में स्वीकृत एवं वितरित ई-बसों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट (बीईएसटी) | 340 |
| 2 | पुणे महानगर परिवहन महामंडल लिमिटेड (पीएमपीएमएल) | 150 |
| 3 | महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) | 150 |
| 4 | नवी मुंबई म्युनिसिपल ट्रांसपोर्ट (एनएमएमटी) | 150 |
| 5 | नागपुर नगर निगम (एनएमसी) | 40 |
| **कुल** | | **830** |

**(घ) और (ङ):** फेम-II स्कीम के अंतर्गत ईवीपीसीएस के लिए कोई राज्य-वार अथवा जिला-वार स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है। फेम-II स्कीम के अंतर्गत महाराष्ट्र में कुल 802 ईवीपीसीएस स्थापित किए गए हैं, जिनमें से 737 प्रचालन में हैं। इसके अतिरिक्त, फेम-II स्कीम के अंतर्गत स्वीकृत कोई भी ईवीपीसीएस अंतर-संचालनीयता मानकों के प्रतिरूप अथवा निम्न-स्तरीय नहीं पाया गया है।

इसके अतिरिक्त, पीएम ई-ड्राइव स्कीम के अंतर्गत मुंबई-पुणे से आगे टियर-II एवं टियर-III शहरों तथा नासिक, औरंगाबाद, नागपुर, सोलापुर और कोल्हापुर सहित देशभर में ईवी चार्जिंग अवसंरचना की स्थापना हेतु 2,000 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है।

******

**अनुलग्नक**

दिनांक 01.07.2026 की स्थिति के अनुसार महाराष्ट्र में जिला-वार स्थापित एवं प्रचालनरत ईवीपीसीएस का विवरण निम्नानुसार है:

| क्र. सं. | जिले का नाम | ईवीपीसीएस की संख्या | |
|---|---|---|---|
| | | **स्थापित** | **प्रचालनरत** |
| 1 | अहमदनगर (अहिल्यानगर) | 30 | 30 |
| 2 | अकोला | 15 | 13 |
| 3 | अमरावती | 12 | 9 |
| 4 | औरंगाबाद (छत्रपति संभाजी नगर) | 42 | 37 |
| 5 | बीड | 16 | 16 |
| 6 | भंडारा | 12 | 12 |
| 7 | बुलढाणा | 20 | 17 |
| 8 | चंद्रपुर | 11 | 10 |
| 9 | धुले | 23 | 22 |
| 10 | गढ़चिरौली | 5 | 5 |
| 11 | गोंदिया | 11 | 9 |
| 12 | हिंगोली | 7 | 6 |
| 13 | जलगांव | 31 | 28 |
| 14 | जालना | 10 | 9 |
| 15 | कोल्हापुर | 35 | 35 |
| 16 | लातूर | 10 | 10 |
| 17 | मुंबई शहर | 6 | 6 |
| 18 | मुंबई उपनगर | 13 | 8 |
| 19 | नागपुर | 61 | 60 |
| 20 | नांदेड़ | 14 | 14 |
| 21 | नंदुरबार | 12 | 12 |
| 22 | नासिक | 82 | 70 |
| 23 | उस्मानाबाद (धाराशिव) | 11 | 11 |
| 24 | पालघर | 25 | 20 |
| 25 | परभणी | 6 | 6 |
| 26 | पुणे | 85 | 83 |
| 27 | रायगढ़ | 25 | 19 |
| 28 | रत्नागिरि | 12 | 12 |
| 29 | सांगली | 19 | 16 |
| 30 | सतारा | 35 | 34 |
| 31 | सिंधुदुर्ग | 7 | 7 |
| 32 | सोलापुर | 19 | 19 |
| 33 | ठाणे | 32 | 27 |
| 34 | वर्धा | 23 | 22 |
| 35 | वाशिम | 2 | 2 |
| 36 | यवतमाल | 23 | 21 |
| | **कुल** | **802** | **737** |